‘युवा प्रतिभा’ के शीर्ष 20 प्रतिभागियों में राँची के अंकित का चयन

चर्चा में क्यों?

9 अक्तूबर, 2023 को भारत सरकार की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता ‘युवा प्रतिभा’ के शीर्ष 20 प्रतिभागियों में राँची के कलाकार अंकित का चयन हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- यह राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता www.mygov.in पोर्टल पर आयोजित की गई थी। इसमें देश के कलाकारों को चित्रकला के माध्यम से पूर्व निर्धारित थीम के बारे में उनके व्याख्यानों को प्रस्तुत करने के लिये आमंत्रित किया गया था।
- हज़ारों प्रस्तुतियों में से सिर्फ 20 कलाकारों को अंतिम दौर में प्रवेश मिला। इस माह नई दिल्ली में अगला इवेंट आयोजित होगा।
- एक मल्टीनेशनल कॉर्पोरेशन में मैनेजमेंट कंसलटेंट के रूप में काम करने वाले अंकित ने बीआईटी, मेसरा से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते समय से अपनी कला यात्रा को जारी रखा है। उन्हें वाटर कलर और ऑयल पेंटिंग दोनों में उत्कृष्टता हासिल है।
- अंकित चारकोल पोर्ट्रेट कला में भी माहिर हैं। वर्ष 2016 में उन्हें ‘झारखंड फाउंडेशन सिटीजन पुरस्कार’ से सम्मानित किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ranchi-ankit-selected-among-top-20-participants-of-yuva-pratibha